# हाईकोर्ट ने श्योपुर की नगर परिषद अध्यक्ष को हटाया

## नगर परिषद अध्यक्ष रेणु गर्ग पर कार्रवाई कर सभी अधिकार किए प्रतिबंधित

**ग्वालियर, 8 अक्टूबर. एमपी हाईकोर्ट ने श्योपुर की नगर परिषद अध्यक्ष को पद से हटाते हुए उनके सभी अधिकार प्रतिबंधित कर दिए हैं. नगर परिषद अध्यक्ष रेणु गर्ग पर ये कार्रवाई की गई है. ग्वालियर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए उन्हें पद से हटा दिया.**

नगर परिषद चुनाव में अनियमितताओं की शिकायतों का मामला कोर्ट में पहुंचा था. इस पर हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया. आदेश के अनुसार रेणु गर्ग अब आगामी आदेश तक अध्यक्षीय कामकाज नहीं कर सकेंगी. कोर्ट के इस फैसले से श्योपुर नगर सहित जिलेभर के राजनीतिक हल्कों में हड़कंप सा मच गया है.



हाईकोर्ट ने रेणु गर्ग को काम करने से रोक दिया. खुली अदालत में आदेश पढ़ा गया. इस आदेश को लागू कर रेणु गर्ग को कार्य करने से रोक दिया. कोर्ट ने कहा कि बिना राजपत्र अधिसूचना के प्रतिवादी नंबर 1 रेणु गर्ग अध्यक्ष के रूप में कार्य नहीं कर सकतीं. इन परिस्थितियों में, कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता जताते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया.

कोर्ट ने उनके सभी अधिकारों पर तत्काल प्रभाव से पाबंदी भी लगा दी है. कोर्ट ने श्योपुर नगर परिषद के अध्यक्ष को काम करने से रोकते हुए कहा कि वे कानून का दुरुपयोग कर रही हैं. इ ?सलिए पद पर कार्य नहीं कर सकती. हाईकोर्ट का ये आदेश बुधवार से प्रभावी हो गया है. ग्वालियर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने रेणु गर्ग को तत्काल प्रभाव से कार्य करने से रोक दिया. कोर्ट ने कहा कि बिना राजपत्र में अधिसूचना के अध्यक्ष के रूप में कार्य करना अवैध है. प्रतिवादी विभिन्न अदालतों में विरोधाभासी रुख को अपनाकर कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहे हैं.

दरअसल सुमेर सिंह आवेदक ने रेणु गर्ग के निर्वाचन को न्यायालय में चुनौती दी जिसे ट्रायल कोर्ट ने कई आधारों पर खारिज कर दिया था. खारिज करने का एक प्रमुख आधार यह था कि चुनाव याचिका समय से पहले (प्रीमैच्योर) दायर की गई थी.

एमपी नगरपालिका अधिनियम की धारा 20(3)(द्ब) के अनुसार, चुनाव के परिणाम की राजपत्र में अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर ही चुनाव याचिका दायर की जा सकती है. इसलिए याचिका पहले दायर मानी गई. उसे ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दिया. इसके बाद हाईकोर्ट में सिविल रिवीजन दायर की.

### चलाया गया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**जबलपुर, 08 अक्टूबर.** शहर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को मालवीय चौक पर वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिस दौरान शहर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ आम जन ने भी इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. विदित हो कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर समूचे मध्यप्रदेश में वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, कांग्रेस नेता अनुराग जैन गढ़वाल, मतीन अंसारी ,कमलेश यादव, इंदिरा पाठक तिवारी, पार्षद अतुल बाजपेई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही.



# ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के खिलाफ किसानों की ट्रैक्टर रैली

**किसानों ने कहा - बेवजह ली जा रही है जमीन**

**धार रोड पर करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा**

**इंदौर,08 अक्टूबर. सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत इंदौर से उज्जैन के बीच प्रस्तावित ग्रीन फील्ड कॉरिडोर को लेकर किसानों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. हातोद और सांवेर क्षेत्र के सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर हातोद से इंदौर तक रैली निकालते हुए पहुंचे.**

किसानों ने आरोप लगाया कि शासन इस सड़क के नाम पर उनकी उपजाऊ जमीनें बिना उचित मुआवजा दिए अधिग्रहित कर रहा है. शासन ने सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए इंदौर-उज्जैन के बीच नई सड़क बनाने की मंजूरी दी है. इस परियोजना को ग्रीन फील्ड कॉरिडोर नाम दिया है, जिसके तहत 28 गांवों की जमीनें अधिग्रहित की जा रही हैं, जिनमें से 20 गांव सांवेर और हातोद तहसील के हैं, जबकि शेष गांव उज्जैन जिले में आते हैं.

प्रस्तावित सड़क हातोद से कांकरिया, अजदोन, चंद्रावतीगंज होते हुए उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर क्षेत्र तक जाएगी. बुधवार को विरोध स्वरूप किसानों ने हातोद से गांधी नगर, सुपर कॉरिडोर, नावदा पंथ मार्ग होते हुए सिरपुर तक ट्रैक्टर रैली निकाली. बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के सड़क पर उतरने से धार रोड पर करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा. सिरपुर पहुंचने के बाद किसान कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकालने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया.

**किसानों से लिया ज्ञापन**

इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच कुछ देर बहस भी हुई, बाद में एसडीएम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से ज्ञापन लिया. किसानों ने कहा कि सरकार बिना आवश्यकता नई सड़क बना रही है, जबकि इंदौर-उज्जैन मार्ग पहले से ही छह लेन और देवास-उज्जैन रोड फोरलेन हो चुका है. ऐसे में सिंहस्थ के बहाने जमीनें छीनी जा रही हैं. किसानों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि कोई भी दल ग्रामीणों की बात नहीं सुन रहा.



# पांच सदस्यों की टीम ने 5 मेडिकल पर मारा छापा

**दमोह, 08 अक्टूबर. छिंदवाड़ा जिले में श्रीशन कंपनी के कफ सिरप से बच्चों की मृत्यु हुई है, जिस घटना के बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने द्वारा निवारक कदम उठाते हुए मेडिकल स्टोर निरीक्षण के संबंध में समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया व टीम गठित की.**

जिसमें एसडीएम आरएल बागरी के मार्गदर्शन में बुधवार को नायब तहसीलदार पारूल चौधरी, औषधि निरीक्षक महिमा जैन, डॉ गौरव जैन जिला क्षय अधिकारी जिला अस्पताल दमोह, आरआई ब्रजेश पटेल, पटवारी अभिनंदन जैन द्वारा सिविल वार्ड स्थित पसारी मेडिकल स्टोर्स,तीन गुल्ली स्थित बचपन मेडीकोज, कोमल मेडिकोज राय चौराहा, कचौरा में विनय मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया गया. जिसमें श्रीशन कंपनी के दवाइयों की उपलब्धता को स्टॉक रजिस्टर से मिलकर भौतिक सत्यापन कर सिरप व टैबलेट को आइसोलेट किया जाकर मेडिकल स्टोर के मालिक के सुपुर्द कर फ्रिज किया गया है.

### जंगल में मिला लापता महिला का क्षत-विक्षत शव

**शहडोल.** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र से लापता हुई एक अधेड़ महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल से बरामद हुआ है. 60 वर्षीय चंपी बाई का शव कुदडरहा के जंगल में बरामद हुआ, जहां जंगली जानवरों ने उसके शव को बुरी तरह नोच डाला. घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस के अनुसार, चंपी बाई ×0 सितंबर से लापता थी. परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी. कई दिनों तक तलाश के बाद बुधवार को ग्रामीणों ने जंगल के भीतर दुर्गंध महसूस की और पास जाकर देखा तो एक महिला का क्षत-विक्षत शव पड़ा था. तुरंत पुलिस को सूचना दी गई.



# सपा ने मांगा स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा

**जबलपुर,08 अक्टूबर. छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप के सेवन से हुई 19 बच्चों की मौतों के बाद स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला की इस्तीफे की मांग जबलपुर से उठने लगी है.**

बुधवार को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने हुंकार भरते हुए उग्र मालवीय चौक पर उग्र प्रदर्शन किया और मांग की कि स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला अपने पदसे इस्तीफा दें. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के पोस्टरों को जलाते हुए पैरों से कुचला और विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मध्यप्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था बुरी तरह बिगड़ती चली जा रही है. प्रदेश में समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न होने के कारण गंभीर मरीजों व बच्चों को महाराष्ट्र के नागपुर ले जाया जा रहा है. समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रदेश के भीतर चिकित्सा व्यवस्था दुरूस्त नहीं होती है तो आने वाले समय में उनके द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा.

### कचरा फेंकने जा रही किशोरी की करंट से मौत

**शिवपुरी.** करैरा थाना क्षेत्र के ग्राम निचरौली में सुबह घर के बाहर कचरा डालने जा रही 16 वर्षीय किशोरी को करंट लग गए. परिजन उसे करैरा अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है. जानकारी के अनुसार अंचल पुत्री कैलाश ?परिहार निवासी निचरौली थाना करैरा सुबह करीब 9 बजे घर के बाहर कचरा डालने जा रही थी. इसी दौरान बिजली के तार से उसे करंट लग गया. सूचना मिलते ही परिजन उसे करैरा अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# मुख्यमंत्री पर की गई टिप्पणी से रोष

**आनंद स्वरूप पर एनएसए लगाने की मांग**

**कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन**

**गुना,08 अक्टूबर. मुख्यमंत्री मोहन यादव जो स्वयं पिछड़ा वर्ग से हैं पर हाल ही में तथाकथित संत आनंद स्वरूपानंद द्वारा की गई अशोभनीय, असंवैधानिक और सामाजिक विद्वेष फैलाने वाली टिप्पणी से समाज में भारी रोष व्याप्त है. इस पर नाराज ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिला कलेक्टोरेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा.**



ओबीसी महासभा ने ज्ञापन में अन्य पिछड़ा वर्ग को सामाजिक सुरक्षा और संवैधानिक संरक्षण देने हेतु पिछड़ा वर्ग अत्याचार निरोधक अधिनियम बनाने की भी मांग की. साथ ही प्रदेश में पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर लगी 13त्न सीमा तत्काल समाप्त कर संविधान सम्मत 27 फीसदी आरक्षण लागू करने और रुकी हुई नियुक्ति प्रक्रियाओं को तुरंत शुरू करने की भी अपील की गई. महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि देश में संविधान लागू हुए 75 वर्ष बीतने के बावजूद अन्य पिछड़ा वर्ग को समान अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, न्याय और सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए अनेक स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है.

### किराना व्यवसायी की सड़क दुर्घटना में मौत

**शिवपुरी,08 अक्टूबर .** जिले के अंतर्गत आने वाले कोलारस अनुविभाग क्षेत्र के लुकवासा पुलिस चौकी क्षेत्र में बुधवार को फोरलाईन हाईवे पर ग्राम कुल्हाडी वाले हल निवासी लुकवासा आनंद जैन पुत्र बाबू जैन उम्र करीब 35 वर्ष की सडक दुर्घटना में मौत हो गई. खबर लिखे जाने तक मृतक जैन का शव जिला चिकित ?सालय में पीएम हाउस में रखा होना बताया गया है. जानकारी के अनुसार कोलारस पुलिस थाना क्षेत्र के लुकवासा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम कुल्हाड़ी - लुकवासा के बीच फोरलाईन हाईवे पर ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मारी जिससे इस हादसे में स्कूटी सवार आनंद जैन पुत्र बाबू जैन हाल निवासी लुकवासा की दर्दनाक मौत हो गई.

# प्लांट में जमे कचरे को लेकर महापौर ने लगाई फटकार

## डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा की

**रीवा, 8 अक्टूबर, नगर निगम महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने आज पहड़िया में संचालित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, जलप्रदाय व्यवस्था और सीवरेज कार्यों की समीक्षा की.**

महापौर ने पहाडिया स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में जमा आरडीएफ (कचरे) के पहाड़ को पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने कहा कि लंबे समय से जमा हो रहे आरडीएफ के ढेर से पर्यावरण और आमजन दोनों के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है, अत- इसे प्राथमिकता से शीघ्र कम किया जाए. उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रदेश के बाहर से आने वाले कचरे की एंट्री पर तत्काल रोक लगाई जाए पहाडिया प्लांट में बाहर का आरडीएफ नहीं जलेगा, उन्होंने स्पष्ट किया. साथ ही, नियमित निगरानी में लापरवाही बरतने पर इंडिपेंडेंट इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए.



डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की समीक्षा में महापौर ने कहा कि नागरिकों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों को स्वत- संज्ञान में लेकर त्वरित समाधान किया जाए. हर वार्ड में प्रतिदिन सुबह कचरा गाड़ी अनिवार्य रूप से जाए, हर गली से कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए.

**एक नजर में**



### एनटीपीसी विंध्याचल ने जीते लीडरशिप अवॉर्ड

विंध्यनगर. नई दिल्ली में आयोजित ग्रीनटेक कॉर्पोरेट लीडरशिप अवॉर्ड्स 2025 में एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए विजेता श्रेणी में तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए. परियोजना को लीडरशिप इन पावर जेनरेशन, लीडरशिप इन एचआर तथा लीडरशिप इन क्वालिटी मैनेजमेंट एक्सीलेंस के लिए सम्मानित किया गया. एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार राजीव कुमारए अपर महाप्रबंधक, भिसेट्टी राम कृष्णा अपर महाप्रबंधक, मृणालिनी अपर महाप्रबंधक ने प्राप्त किए.

### भिंड में दो मेडिकल स्टोरों पर छापा

**भिंड.** औषधि निरीक्षक डॉ. आकांक्षा गरुड़ के नेतृत्व में एक टीम ने भिंड और मेहगांव में दो मेडिकल स्टोरों पर छापा मारकर प्रतिबंधित 'रेस्पीफ्रेश टीआर' कफ सिरप का स्टॉक जब्त कर लिया है. दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाकर उन्हें फ्रीज कर दिया गया है और सैंपल जांच के लिए आज बुधवार को ही लैब भेजे गए हैं. ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉ. आकांक्षा गरुड़ ने बताया कि औषधि प्रशासन मुख्यालय ने 'रीलाईफ' और 'रेस्पीफ्रेश टीआर' सिरप को अमानक घोषित करते हुए उनकी बिक्री और वितरण पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया था. इसी आदेश के बाद जिले में सघन जांच अभियान शुरू किया गया.

### केंद्रीय खेल मंत्री से मिले सांसद भारत सिंह

**ग्वालियर.** सांसद भारत सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडवीय से सौजन्य भेंट कर सांसद खेल महोत्सव-2025 के विषय में विस्तार से चर्चा की. साथ ही उन्होंने ग्वालियर में सर्वसुविधा युक्त मल्टी पर्पस हॉल के निर्माण का अनुरोध पत्र भी सौंप कर क्षेत्रवासियों की मांग से अवगत कराया. ग्वालियर में मल्टी पर्पस हॉल के निर्माण से ग्वालियर संभाग (ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी, दतिया, भिंड) जिलों में इनडोर खेलों को बढ़ावा मिलेगा और यहां से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का निर्माण किया जा सकेगा.



# पुराना टर्मिनल सिंहस्थ से पहले शुरू करने का लक्ष्य

**अंतरराष्ट्रीय उड़ाने बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देश**

**कर्मचारियों की यात्रियों से अभद्रता करने पर चर्चा**

**इंदौर, 08 अक्टूबर. एयरपोर्ट पर पुराने टर्मिनल भवन के उद्घाटन तथा विस्तार कार्य ( फेज़-1 एवं फेज़-2 ) को उज्जैन सिंहस्थ के पहले पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया. साथ ही इंदौर एयरलाइन कंपनियों से अंतरराष्ट्रीय उड़ाने बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है. खास बात यह कि कस्टम अधिकारियों और कर्मचारियों की यात्रियों से अभद्रता करने पर विशेष चर्चा हुई.**




आज सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी में इंदौर विमानतल पर यात्री सुविधाओं के विकास एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक की गई. बैठक में विमानतल पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई. यात्री सुविधाओं के बढ़ाने, सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, नई उड़ान सेवाओं की शुरुआत, टर्मिनल विस्तार तथा एयर कार्गो सेवाओं के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ. बैठक में बताया गया कि एयर कार्गो सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है.

**भाजपा का ध्येय सेवा और संवेदना**

भाजपा संगठन और सरकार सुनिश्चित करेगी कि ऐसी घटना दोबारा न हो. भाजपा का उद्देश्य सेवा और संवेदना है, जबकि कांग्रेस केवल राजनीति और भ्रम फैलाने में लगी है. इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू, बैतूल जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार, विधायक योगेश पंडाग्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे.

# रिश्वत लेते सरपंच पति गिरफ्तार

## रास्ता बंद नहीं करने के एवज में मांगी थी रकम

**खरगोन,08 अक्टूबर. ग्राम पंचायत छोटी कसरावद में लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरपंच पति और रिश्तेदार को एक लाख रुपए की मोटी रकम बतौर रिश्वत के रुप में लेते हुए गिरफ्तार किया है. यह रिश्वत कृषि भूमि तक पहुंच मार्ग पर आवाजाही सुचारु रखने के एवज में मांगी गई थी.**



लोकायुक्त पुलिस निरीक्षक आशुतोष मिठास से मिली जानकारी अनुसार आवेदक अंतिम जैन निवासी समर्थ सिटी इंदौर की ग्राम छोटी कसरावद पंचायत भवन के सामने कृषि भूमि है. यह कृषि भूमि शासकीय भूमि के समीप है, जिसके पास से खेतों तक पहुंचने का रास्ता भी है. सरपंच पति सुरजीत सिंह और धर्मेन्द्र सिंह राठौर ने शिकायतकर्ता को कृषि भूमि के रास्ते पर निर्माण कार्य करवाकर आवाजाही का रास्ता बंद करने की धमकी देते हुए 25 लाख रुपए की मांग की गई थी. इसकी शिकायत जैन ने लोकायुक्त एसपी को की. शिकायत का सत्यापन करने के बाद ट्रेपिंग की गई.

# पति ने तीर मारकर की पत्नी की हत्या

## नानूखेड़ा गांव में दिल दहला देने वाली वारदात

**देवास,08 अक्टूबर. जिले के हाटपिपल्या थाना क्षेत्र के ग्राम नानूखेड़ा में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया. पति-पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर हुए झगड़े में पति ने अपनी पत्नी पर तीर से हमला कर उसकी हत्या कर दी. पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि ग्राम नानूखेड़ा निवासी राजेंद्र (40) का अपनी पत्नी मनूबाई (35) से बुधवार दोपहर किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. बताया जा रहा है कि दोनों के बीच अक्सर घरेलू बातों को लेकर तकरार होती थी. बुधवार को भी झगड़ा बढ़ गया और गुस्से में आकर राजेंद्र ने घर में रखा लोहे का तीर उठाया और चाकू की तरह मनूबाई के पेट में घोंप दिया.

चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और तत्काल डायल 112 को सूचना दी. लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही महिला गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी थी. पुलिस ने मौके पर पहुंचते ही महिला को तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. टीआई यादव ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया. पड़ोसियों के अनुसार, दंपत्ति मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते थे.

**आयोजन** | **एलिम्को ने सहायक उपकरण चिह्नांकन शिविर का किया आयोजन**

# पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन व्यवस्थित तरीके से किया जाए

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 अक्टूबर. जिले के जनपद पंचायत कुसमी के सभागार में वयोश्री योजना अंतर्गत वृद्धजनों एवं एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए एलिम्को जबलपुर द्वारा सहायक उपकरण चिह्नांकन शिविर का सफल आयोजन किया गया. शिविर के मुख्य अतिथि सांसद डॉ.राजेश मिश्रा रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने की.**



इस अवसर पर कुल 54 लाभार्थियों का चिह्नांकन किया गया, जिसमें वयोश्री योजना अंतर्गत 37 वृद्धजन और एडीपी योजना अंतर्गत 17 दिव्यांगजन शामिल थे. इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, क्योंकि ये उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर जीवन में स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों का चिह्नांकन समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से किया जाए.

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में डॉ.दीपक त्रिपाठी, ट्रांसडिसिप्लिनरी विशेष शिक्षक शिवांशु शुक्ला, नम्रता मिश्रा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सीधी, सहायक ग्रेड-3 प्रभात शुक्ला तथा समग्र विस्तार अधिकारी जयराज सिंह उपस्थित रहे.